पंजाब बजट विश्लेषण

2025-26

पंजाब के वित्त मंत्री श्री हरपाल सिंह चीमा ने 26 मार्च, 2025 को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राज्य का बजट पेश किया।

बजट के मुख्य अंश

- 2025-26 के लिए पंजाब का **सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी)** (वर्तमान मूल्यों पर) 8,91,301 करोड़ रुपए होने का अनुमान है जिसमें 2024-25 की तुलना में 10% की वृद्धि है।
- 2025-26 में **व्यय (ऋण चुकौती को छोड़कर)** 1,46,632 करोड़ रुपए होने का अनुमान है, जो 2024-25 के संशोधित अनुमान से 4% अधिक है। इसके अलावा, राज्य द्वारा 89,449 करोड़ रुपए का ऋण चुकाया जाएगा।
- 2025-26 के लिए **प्राप्तियां (उधारियों को छोड़कर)** 1,12,431 करोड़ रुपए होने का अनुमान है, जिसमें 2024-25 के संशोधित अनुमान की तुलना में 8% की वृद्धि है।
- 2025-26 में **राजस्व घाटा** जीएसडीपी का 2.7% (23,957 करोड़ रुपए) रहने का अनुमान है, जबकि 2024-25 में संशोधित अनुमान चरण में राजस्व घाटा जीएसडीपी का 3.5% (28,685 करोड़ रुपए) रहने का अनुमान है।
- 2025-26 के लिए **राजकोषीय घाटा** जीएसडीपी का 3.8% (34,201 करोड़ रुपए) रहने का लक्ष्य है। संशोधित अनुमानों के अनुसार, 2024-25 में राजकोषीय घाटा जीएसडीपी का 4.5% रहने की उम्मीद है, जो बजट में निर्धारित 3.8% से अधिक है।

नीतिगत विशिष्टताएं

- **ग्रामीण विकास**: ग्रामीण क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए 3,500 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। इस योजना में गांव के तालाबों की सफाई, गांव के खेल के मैदानों का निर्माण, स्ट्रीट लाइट लगाना, नहरों का जीर्णोद्धार और सीवेज ट्रीटमेंट सिस्टम की स्थापना जैसे कार्य शामिल हैं।
- **ड्रग संसेज़**: 2025-26 में पंजाब में ड्रग संसेज़ (नशा जनगणना) करने के लिए 150 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। इसमें राज्य में नशे के फैलाव से संबंधित डेटा एकत्र किया जाएगा। इसके अलावा ड्रग्स और हथियारों की सीमा पार तस्करी को रोकने के लिए बीएसएफ के साथ एंटी-ड्रोन सिस्टम और 5,000 होमगार्ड की तैनाती के लिए 110 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।
- **खेल**: "खेड़-दा पंजाब, बदलदा पंजाब" योजना के तहत राज्य भर में खेल के मैदान और इनडोर जिम बनाए जाएंगे और खेलों के लिए 13 मौजूदा उत्कृष्टता केंद्रों का आधुनिकीकरण किया जाएगा।
- **स्वास्थ्य और परिवार**: पंजाब में 65 लाख परिवारों को कवर करने के लिए राज्य स्वास्थ्य बीमा योजना को सार्वभौमिक बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री सरबत सेहत बीमा योजना के तहत आने वाले परिवारों को एक सेहत कार्ड मिलेगा, जिसके माध्यम से वे राज्य के निजी और सरकारी अस्पतालों में 10 लाख रुपए तक का कैशलेस इलाज करा सकेंगे।

सृष्टि सिंह
shrusti@prsindia.org

31 मार्च, 2025

पंजाब की अर्थव्यवस्था

- **जीएसडीपी**: 2023-24 में पंजाब के जीएसडीपी (स्थिर मूल्यों पर) में पिछले वर्ष की तुलना में 6.6% की वृद्धि होने का अनुमान है। इसकी तुलना में भारत की जीडीपी में 2023-24 में 9.2% की वृद्धि होने का अनुमान है।
- **क्षेत्र**: 2023-24 में कृषि, मैन्यूफैक्चरिंग और सेवा क्षेत्रों का पंजाब की अर्थव्यवस्था में क्रमशः 26%, 28% और 47% योगदान होने का अनुमान है (वर्तमान मूल्यों पर)। 2023-24 में कृषि क्षेत्र में 2.3% की वृद्धि हुई। 2023-24 में मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में 7.1% की वृद्धि हुई, जबकि 2022-23 में यह 7.2% थी। 2023-24 में सेवाओं में 7.3% की वृद्धि हुई, जबकि 2022-23 में यह 6.9% थी।
- **प्रति व्यक्ति जीएसडीपी**: 2023-24 में पंजाब की प्रति व्यक्ति जीएसडीपी (मौजूदा कीमतों पर) 2,27,950 रुपए होने का अनुमान है, जिसमें 2022-23 की तुलना में 7.9% की वृद्धि है। 2023-24 में भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी 2,15,935 रुपए होने का अनुमान है, जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में 11% की वृद्धि है।

रेखाचित्र 1: पंजाब में स्थिर मूल्यों पर (2011-12) जीएसडीपी



नोट: ये आंकड़े स्थिर कीमतों (2011-12) के अनुसार हैं, जिसका अर्थ है कि विकास दर को मुद्रास्फीति के लिए समायोजित किया गया है। स्रोत: एमओएसपीआई; पीआरएस।

2025-26 के लिए बजट अनुमान

- 2025-26 में 1,46,632 करोड़ रुपए के **कुल व्यय (ऋण चुकौती को छोड़कर)** का लक्ष्य है। यह 2024-25 के संशोधित अनुमान से 4% की वृद्धि है। यह व्यय 1,12,431 करोड़ रुपए की **प्राप्तियों (उधारियों को छोड़कर)** और 31,701 करोड़ रुपए की शुद्ध उधारी के माध्यम से पूरा किया जाना प्रस्तावित है। 2025-26 के लिए कुल प्राप्तियों (उधारियों के अलावा) में 2024-25 के संशोधित अनुमान की तुलना में 8% की वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद है।
- राज्य में 2025-26 में जीएसडीपी के 2.7% (23,957 करोड़ रुपए) के **राजस्व घाटे** का अनुमान है, जबकि 2024-25 के संशोधित अनुमान चरण में जीएसडीपी का 3.5% राजस्व घाटा होने का अनुमान है। 2024-25 में पंजाब ने जीएसडीपी के 2.9% के राजस्व घाटे का बजट बनाया था। 2024-25 में राजस्व घाटे में वृद्धि राजस्व व्यय में 4% की वृद्धि के साथ-साथ बजट और संशोधित अनुमानों के बीच अपरिवर्तित राजस्व प्राप्तियों के कारण है।
- 2025-26 के लिए **राजकोषीय घाटा** जीएसडीपी का 3.8% (34,201 करोड़ रुपए) रहने का लक्ष्य है, जो 2024-25 के संशोधित अनुमान (जीएसडीपी का 4.5%) से कम है। पंजाब ने 2024-25 में जीएसडीपी के 3.8% के समान राजकोषीय घाटे का बजट बनाया था। 2025-26 के लिए, राज्यों की राजकोषीय घाटे की सीमा जीएसडीपी के 3.5% पर तय की गई है, जिसमें से जीएसडीपी का 0.5% बिजली क्षेत्र में सुधार करने से जुड़ा है।

तालिका 1: बजट 2025-26- मुख्य आंकड़े (करोड़ रुपए में)

मद	2023-24 वास्तविक	2024-25 बजटीय	2024-25 संशोधित	बअ 24-25 से संअ 24-25 में परिवर्तन का %	2025-26 बजटीय	संअ 24-25 से बअ 25-26 मे परिवर्तन का %
कुल व्यय	1,95,798	2,04,918	2,25,261	10%	2,36,081	5%
(-) ऋण का पुनर्भुगतान	73,452	69,867	84,117	20%	89,449	6%
शुद्ध व्यय (E)	**1,22,346**	**1,35,051**	**1,41,144**	**5%**	**1,46,632**	**4%**
कुल प्राप्तियां	1,92,265	2,03,418	2,22,261	9%	2,33,581	5%
(-) उधारियां	1,03,034	98,831	1,17,866	19%	1,21,150	3%
*जिनमें केंद्रीय कैपेक्स ऋण**	0	1,900	2,355	24%	200	-92%
शुद्ध प्राप्तियां (R)	**89,231**	**1,04,586**	**1,04,394**	**0%**	**1,12,431**	**8%**
राजकोषीय घाटा (E-R)	**33,115**	**30,465**	**36,750**	**21%**	**34,201**	**-7%**
जीएसडीपी का %	4.4%	3.8%	4.5%		3.8%	
राजस्व घाटा	**28,215**	**23,198**	**28,685**	**24%**	**23,957**	**-16%**
जीएसडीपी का %	3.8%	2.9%	3.5%		2.7%	
प्राथमिक घाटा	**10,563**	**6,565**	**12,796**	**95%**	**9,206**	**-28%**
जीएसडीपी का %	1.4%	0.8%	1.6%		1.0%	
जीएसडीपी	7,44,899	8,02,701	8,09,538	1%	8,91,301	10%

नोट: बअ बजट अनुमान है; संअ संशोधित अनुमान है। *केंद्र सरकार 2020-21 से राज्य सरकारों को पूंजीगत व्यय के लिए 50-वर्षीय ब्याज मुक्त ऋण प्रदान कर रही है। इन ऋणों को राज्य की उधार सीमा की गणना से बाहर रखा गया है। स्रोत: वार्षिक वित्तीय विवरण, पंजाब बजट दस्तावेज़ 2025-26; पीआरएस।

2025-26 में व्यय

- 2025-26 के लिए **राजस्व व्यय** 1,35,698 करोड़ रुपए प्रस्तावित है, जो 2024-25 के संशोधित अनुमान से 2% अधिक है। इसमें वेतन, पेंशन, ब्याज, अनुदान और सबसिडी पर व्यय शामिल है।
- 2025-26 के लिए **पूंजीगत परिव्यय** 10,302 करोड़ रुपए प्रस्तावित है जो 2024-25 के संशोधित अनुमान से 23% अधिक है। पूंजीगत परिव्यय परिसंपत्तियों के निर्माण पर व्यय को दर्शाता है।
- 2025-26 में राज्य द्वारा ऋण और अग्रिम (एडवांस) 632 करोड़ रुपए होने की उम्मीद है, जो 2024-25 के संशोधित अनुमान की तुलना में 61% अधिक है।

बिजली सबसिडी

पंजाब द्वारा 2025-26 में बिजली सबसिडी पर 20,500 करोड़ रुपए खर्च करने का अनुमान है (बजटीय राजस्व प्राप्तियों का 18%)। यह 2024-25 के संशोधित अनुमान से 1.5% अधिक है। 2023-24 में राज्य ने बिजली सबसिडी पर 18,177 करोड़ रुपए खर्च किए, जो इसकी राजस्व प्राप्तियों का 20% था। राज्य सरकार के अनुसार, राजस्व प्राप्तियों के हिस्से के रूप में बिजली सबसिडी में वृद्धि एक बड़ी चिंता का विषय है। 15वें वित्त आयोग ने कहा था कि राज्य का दीर्घकालिक वित्त किसानों को दी जाने वाली मुफ्त बिजली की सुव्यवस्था पर निर्भर है।

स्रोत: 15वें वित्त आयोग की रिपोर्ट; मध्यम अवधि की राजकोषीय नीति, पंजाब बजट दस्तावेज

तालिका 2: बजट 2025-26 में व्यय (करोड़ रुपए में)

मद	2023-24 वास्तविक	2024-25 बजटीय	2024-25 संशोधित	बअ 24-25 से संअ 24-25 में परिवर्तन का %	2025-26 बजटीय	संअ 24-25 से बअ 25-26 मे परिवर्तन का %
राजस्व व्यय	1,17,407	1,27,134	1,32,405	4%	1,35,698	2%
पूंजीगत परिव्यय	4,743	7,445	8,347	12%	10,302	23%
राज्य द्वारा दिए गए ऋण	196	472	393	-17%	632	61%
शुद्ध व्यय	**1,22,346**	**1,35,051**	**1,41,144**	**5%**	**1,46,632**	**4%**

स्रोत: वार्षिक वित्तीय विवरण, पंजाब बजट दस्तावेज़ 2025-26; पीआरएस।

प्रतिबद्ध व्यय: राज्य के प्रतिबद्ध व्यय में आम तौर पर वेतन, पेंशन और ब्याज के भुगतान पर व्यय शामिल होता है। बजट के एक बड़े हिस्से को प्रतिबद्ध व्यय की मदों के लिए आवंटित करने से पूंजीगत परिव्यय जैसी अन्य व्यय प्राथमिकताओं पर फैसला लेने का राज्य का लचीलापन सीमित हो जाता है। 2025-26 में पंजाब द्वारा प्रतिबद्ध व्यय पर 82,174 करोड़ रुपए खर्च करने का अनुमान है जो इसकी अनुमानित राजस्व प्राप्तियों का 74% है। इसमें वेतन (राजस्व प्राप्तियों का 33%), पेंशन (19%), और ब्याज भुगतान (33%) पर खर्च शामिल है। 2023-24 में, वास्तविक आंकड़ों के अनुसार, राजस्व प्राप्तियों का 86% प्रतिबद्ध व्यय पर खर्च किया गया।

तालिका 3: 2025-26 में प्रतिबद्ध व्यय (करोड़ रुपए में)

प्रतिबद्ध व्यय	2023-24 वास्तविक	2024-25 बजटीय	2024-25 संशोधित	बअ 24-25 से संअ 24-25 में परिवर्तन का %	2025-26 बजटीय	संअ 24-25 से बअ 25-26 मे परिवर्तन का %
वेतन	33,746	35,168	34,533	-2%	36,428	5%
पेंशन	20,090	19,800	19,602	-1%	20,750	6%
ब्याज भुगतान	22,552	23,900	23,954	0%	24,995	4%
कुल	**76,388**	**78,868**	**78,089**	**-1%**	**82,174**	**5%**

स्रोत: वार्षिक वित्तीय विवरण, पंजाब बजट दस्तावेज़ 2025-26; पीआरएस।

क्षेत्रवार व्यय: 2025-26 के दौरान पंजाब के बजटीय व्यय का **52%** हिस्सा निम्नलिखित क्षेत्रों के लिए खर्च किया जाएगा। अनुलग्नक 1 में प्रमुख क्षेत्रों में पंजाब के व्यय की तुलना, अन्य राज्यों से की गई है।

तालिका 4: पंजाब बजट 2025-26 में क्षेत्रवार व्यय (करोड़ रुपए में)

क्षेत्र	2023-24 वास्तविक	2024-25 बजटीय	2024-25 संशोधित	2025-26 बजटीय	संअ 24-25 से बअ 25-26 मे परिवर्तन का %	बजटीय प्रावधान (2025-26)
शिक्षा, खेल, कला एवं संस्कृति	15,643	17,330	17,125	19,110	12%	▪ सरकारी प्राथमिक विद्यालयों के लिए 4,248 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। ▪ सरकारी माध्यमिक विद्यालयों के लिए 8,727 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।
कृषि एवं संबद्ध गतिविधियां	12,093	13,660	14,110	14,407	2%	▪ किसानों को बिजली सबसिडी प्रदान करने के लिए 9,992 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।
सामाजिक कल्याण एवं पोषण	8,727	9,004	9,433	9,501	1%	▪ वृद्ध व्यक्तियों, विधवाओं और निराश्रित महिलाओं, आश्रित बच्चों और विकलांग व्यक्तियों के लिए राज्य सामाजिक सहायता कार्यक्रमों हेतु 6,175 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।
पुलिस	8,213	8,453	8,581	9,269	8%	▪ जिला पुलिस के लिए 5,384 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।
ऊर्जा	6,841	7,934	11,412	7,710	-32%	▪ बिजली बोर्डों को सहायता के रूप में 7,614 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण	5,010	6,171	5,857	6,660	14%	▪ शहरी स्वास्थ्य सेवाओं-एलोपैथी के लिए 3,699 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। ▪ ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं-एलोपैथी के लिए 632 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।
सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण	2,026	2,107	3,141	3,235	3%	▪ सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण पर पूंजीगत परिव्यय के लिए 1,999 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।
परिवहन	1,600	2,340	2,184	2,392	10%	▪ सड़कों और पुलों पर पूंजीगत परिव्यय के लिए 1,610 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।
ग्रामीण विकास	778	1,086	1,503	1,896	26%	▪ राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के लिए 615 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।
जलापूर्ति एवं स्वच्छता	1,240	1,549	1,537	1,614	5%	▪ ग्रामीण जलापूर्ति कार्यक्रम के लिए 485 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।
सभी क्षेत्रों पर कुल व्यय का %	**51%**	**52%**	**53%**	**52%**		

स्रोत: वार्षिक वित्तीय विवरण, पंजाब बजट दस्तावेज़ 2025-26; पीआरएस।

2025-26 में प्राप्तियां

- 2025-26 के लिए **कुल राजस्व प्राप्तियां** 1,11,740 करोड़ रुपए होने का अनुमान है, जो 2024-25 के संशोधित अनुमान से 8% अधिक है। इसमें से 75,461 करोड़ रुपए (68%) राज्य **अपने संसाधनों से** जुटाएगा और 36,280 करोड़ रुपए (32%) केंद्र से प्राप्त होंगे। केंद्र से संसाधन केंद्रीय करों में राज्य के हिस्से (राजस्व प्राप्तियों का 23%) और अनुदान (राजस्व प्राप्तियों का 9%) के रूप में होंगे।
- **हस्तांतरण**: 2025-26 में केंद्रीय करों में राज्य का हिस्सा 25,704 करोड़ रुपए होने का अनुमान है, जो 2024-25 के संशोधित अनुमान से 11% अधिक है।
- 2025-26 में केंद्र से अनुदान 10,576 करोड़ रुपए होने का अनुमान है, जो 2024-25 के संशोधित अनुमान से 10% कम है। 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार, केंद्र सरकार राजस्व घाटे को खत्म करने के लिए 17 राज्यों को राजस्व घाटा अनुदान प्रदान कर रही है। आयोग ने पंजाब के लिए 25,968 करोड़ रुपए के अनुदान की सिफारिश की थी, जो 2024-25 में समाप्त हो गया। केंद्र से पंजाब को मिलने वाले अनुदान में गिरावट मुख्य रूप से इस मद के तहत कोई प्राप्तियां न होने के कारण है।
- **राज्य का स्वयं कर राजस्व**: पंजाब का कुल स्वयं कर राजस्व 2025-26 में 63,250 करोड़ रुपए होने का अनुमान है, जो 2024-25 के संशोधित अनुमान से 9% अधिक है। जीएसडीपी के प्रतिशत के रूप में स्वयं कर राजस्व 2025-26 में 7.1% अनुमानित है। 2023-24 के वास्तविक आंकड़ों के अनुसार, जीएसडीपी के प्रतिशत के रूप में स्वयं कर राजस्व 6.3% था।

तालिका 5: राज्य सरकार की प्राप्तियों का ब्रेकअप (करोड़ रुपए में)

मद	2023-24 वास्तविक	2024-25 बजटीय	2024-25 संशोधित	बअ 24-25 से संअ 24-25 में परिवर्तन का %	2025-26 बजटीय	संअ 24-25 से बअ 25-26 मे परिवर्तन का %
राज्य के स्वयं कर	47,252	58,900	57,919	-2%	63,250	9%
राज्य के स्वयं गैर कर	7,234	11,246	10,826	-4%	12,211	13%
केंद्रीय करों में हिस्सेदारी	20,410	22,041	23,254	6%	25,704	11%
केंद्र से सहायतानुदान	14,296	11,748	11,721	0%	10,576	-10%
राजस्व प्राप्तियां	**89,192**	**1,03,936**	**1,03,720**	**0%**	**1,11,740**	**8%**
गैर ऋण पूंजीगत प्राप्तियां	39	650	674	4%	690	2%
शुद्ध प्राप्तियां	**89,231**	**1,04,586**	**1,04,394**	**-0.2%**	**1,12,431**	**8%**

स्रोत: वार्षिक वित्तीय विवरण, पंजाब बजट दस्तावेज़ 2025-26; पीआरएस।

- 2025-26 में **राज्य जीएसटी** के स्वयं कर राजस्व का सबसे बड़ा स्रोत (44% हिस्सा) होने का अनुमान है। 2024-25 के संशोधित अनुमानों की तुलना में राज्य जीएसटी राजस्व में 10% की वृद्धि होने का अनुमान है।
- 2025-26 में बिक्री कर/वैट से राजस्व 2024-25 के संशोधित अनुमान चरण की तुलना में 4% अधिक होने की उम्मीद है।
- 2025-26 में राज्य उत्पाद शुल्क से राजस्व 2024-25 के संशोधित अनुमान की तुलना में 8% अधिक होने का अनुमान है।

तालिका 6: राज्य के स्वयं कर राजस्व के मुख्य स्रोत (करोड़ रुपए में)

मद	2023-24 वास्तविक	2024-25 बजटीय	2024-25 संशोधित	बअ 24-25 से संअ 24-25 में परिवर्तन का %	2025-26 बजटीय	संअ 24-25 से बअ 25-26 मे परिवर्तन का %
राज्य जीएसटी	20,925	25,750	25,200	-2%	27,650	10%
राज्य उत्पाद शुल्क	9,233	10,350	10,350	0%	11,200	8%
सेल्स टैक्स/वैट	6,501	8,550	7,851	-8%	8,200	4%
स्टाम्प ड्यूटी और पंजीकरण शुल्क	4,359	5,750	6,200	8%	7,000	13%
वाहन कर	2,938	4,350	4,350	0%	4,730	9%
बिजली पर टैक्स और ड्यूटी	3,033	3,500	3,500	0%	3,745	7%
भूराजस्व	97	230	113	-51%	230	103%

स्रोत: वार्षिक वित्तीय विवरण, राजस्व बजट, पंजाब बजट दस्तावेज़ 2025-26; पीआरएस।

2025-26 के लिए घाटे, ऋण और एफआरबीएम के लक्ष्य

पंजाब के राजकोषीय दायित्व और बजट प्रबंधन एक्ट, 2003 में राज्य सरकार की बकाया देनदारियों, राजस्व घाटे और राजकोषीय घाटे को प्रगतिशील तरीके से कम करने के लक्ष्यों का प्रावधान है।

राजस्व घाटा: यह सरकार के राजस्व व्यय और राजस्व प्राप्तियों के बीच का अंतर होता है। राजस्व घाटे का यह अर्थ होता है कि सरकार को अपना व्यय पूरा करने के लिए उधार लेने की जरूरत है जोकि भविष्य में पूंजीगत परिसंपत्तियों का सृजन नहीं करेगा और न ही देनदारियों को कम करेगा। बजट में 2025-26 में 23,957 करोड़ रुपए (या जीएसडीपी का 2.7%) का राजस्व घाटा अनुमानित है।

राजकोषीय घाटा: यह कुल प्राप्तियों पर कुल व्यय की अधिकता होता है। यह अंतर सरकार द्वारा उधारियों के जरिए पूरा किया जाता है और राज्य सरकार की कुल देनदारियों में वृद्धि करता है। 2025-26 में राजकोषीय घाटा जीएसडीपी का 3.8% रहने का अनुमान है। 2025-26 के लिए केंद्र सरकार ने राज्यों को जीएसडीपी के 3% तक राजकोषीय घाटे की अनुमति दी है। बिजली क्षेत्र में कुछ सुधार करने के लिए जीएसडीपी के 0.5% तक अतिरिक्त उधार लेने की गुंजाइश भी उपलब्ध होगी। केंद्र सरकार राज्यों को पूंजीगत व्यय के लिए 50 साल का ब्याज मुक्त ऋण भी प्रदान करती है जो राज्यों की उधार सीमा में शामिल नहीं है।

संशोधित अनुमान के अनुसार, 2024-25 में राज्य का राजकोषीय घाटा जीएसडीपी का 4.5% रहने की उम्मीद है, जो जीएसडीपी के 3.8% के बजट अनुमान से अधिक है।

पंजाब की वित्तीय सेहत

वर्ष 2022-23 के लिए नीति आयोग के राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक ने 18 राज्यों को उनके राजकोषीय स्वास्थ्य के आधार पर स्थान दिया। राज्यों के प्रदर्शन का मूल्यांकन पांच मानदंडों पर किया गया था: (i) व्यय की गुणवत्ता, (ii) राजस्व जुटाना, (iii) राजकोषीय विवेक, (iv) ऋण सूचकांक, और (v) ऋण स्थिरता। सभी मूल्यांकित राज्यों में पंजाब 18वें स्थान पर रहा। रिपोर्ट में पाया गया कि पंजाब में बढ़ते कर्ज के बोझ ने ऋण स्थिरता के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा की हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि हस्तक्षेप के बिना पंजाब में ऋण का स्तर निरंतर बढ़ सकता है। उसने राज्य को राजस्व जुटाने और पूंजी परियोजना निष्पादन में सुधार करने का सुझाव दिया।

स्रोत: राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक 2025, नीति आयोग।

बकाया ऋण: बकाया ऋण एक वित्तीय वर्ष के अंत में कुल उधार का संचय होता है। 2025-26 के अंत में बकाया ऋण जीएसडीपी का 44.5% होने का अनुमान है जो 2024-25 के संशोधित अनुमान (जीएसडीपी का 44.8%) से अधिक है।

रेखाचित्र 2: राजस्व एवं राजकोषीय घाटा (जीएसडीपी का %)



नोट: *2026-27 के बाद के आंकड़े अनुमान हैं RE संशोधित अनुमान है; BE बजट अनुमान है। स्रोत: मध्यम अवधि की राजकोषीय नीति, पंजाब बजट दस्तावेज़ 2025-26; पीआरएस।

रेखाचित्र 3: बकाया ऋण (जीएसडीपी का %)



नोट: *2026-27 के बाद के आंकड़े अनुमान हैं; उपरोक्त आंकड़ों में जी एसटी क्षतिपूर्ति ऋण शामिल नहीं है, जिसे केंद्र सरकार द्वारा चुकाया जाना है। RE संशोधित अनुमान है; BE बजट अनुमान है। स्रोत: मध्यम अवधि की राजकोषीय नीति, पंजाब बजट दस्तावेज़ 2025-26; पीआरएस।

बकाया सरकारी गारंटी: राज्यों के बकाया ऋण में कुछ अन्य देनदारियां शामिल नहीं हैं जो आकस्मिक प्रकृति की हैं और जिन्हें राज्यों को कुछ मामलों में चुकाना पड़ सकता है। राज्य सरकारें वित्तीय संस्थानों से राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (एसपीएसई) के उधार की गारंटी देती हैं। 31 मार्च, 2025 तक राज्य की बकाया गारंटी 31,122 करोड़ रुपए होने का अनुमान है, जो पंजाब की जीएसडीपी का 3.8% है।

डिस्क्लेमर: प्रस्तुत रिपोर्ट आपके समक्ष सूचना प्रदान करने के लिए प्रस्तुत की गई है। पीआरएस लेजिसलेटिव रिसर्च (पीआरएस) के नाम उल्लेख के साथ इस रिपोर्ट का पूर्ण रूपेण या आंशिक रूप से गैर व्यावसायिक उद्देश्य के लिए पुनःप्रयोग या पुनर्वितरण किया जा सकता है। रिपोर्ट में प्रस्तुत विचार के लिए अंततः लेखक या लेखिका उत्तरदायी हैं। यद्यपि पीआरएस विश्वसनीय और व्यापक सूचना का प्रयोग करने का हर संभव प्रयास करता है किंतु पीआरएस दावा नहीं करता कि प्रस्तुत रिपोर्ट की सामग्री सही या पूर्ण है। पीआरएस एक स्वतंत्र, अलाभकारी समूह है। रिपोर्ट को इसे प्राप्त करने वाले व्यक्तियों के उद्देश्यों अथवा विचारों से निरपेक्ष होकर तैयार किया गया है। यह सारांश मूल रूप से अंग्रेजी में तैयार किया गया था। हिंदी रूपांतरण में किसी भी प्रकार की अस्पष्टता की स्थिति में अंग्रेजी के मूल सारांश से इसकी पुष्टि की जा सकती है।

अनुलग्नक 1: मुख्य क्षेत्रों में राज्य के व्यय की तुलना

निम्नलिखित रेखाचित्रों में छह मुख्य क्षेत्रों में अन्य राज्यों के औसत व्यय के अनुपात में पंजाब के कुल व्यय की तुलना की गई है। क्षेत्र के लिए औसत, उस क्षेत्र में 31 राज्यों (पंजाब सहित) द्वारा किए जाने वाले औसत व्यय (2024-25 के बजटीय अनुमानों के आधार पर) को इंगित करता है।[1]

- **शिक्षा**: पंजाब ने 2025-26 में अपने व्यय का 13.1% शिक्षा के लिए आवंटित किया है। यह 2024-25 में विभिन्न राज्यों द्वारा शिक्षा के लिए औसत आवंटन (15%) से कम है।
- **स्वास्थ्य**: पंजाब ने 2025-26 में अपने व्यय का 4.6% स्वास्थ्य के लिए आवंटित किया है। यह 2024-25 में विभिन्न राज्यों द्वारा स्वास्थ्य के लिए औसत आवंटन (6.2%) से कम है।
- **ग्रामीण विकास**: पंजाब ने 2025-26 में अपने व्यय का 1.3% ग्रामीण विकास के लिए आवंटित किया है। यह 2024-25 में विभिन्न राज्यों द्वारा ग्रामीण विकास के लिए औसत आवंटन (5.1%) से काफी कम है।
- **ऊर्जा**: पंजाब ने 2025-26 में अपने व्यय का 5.3% ऊर्जा के लिए आवंटित किया है। यह 2024-25 में विभिन्न राज्यों द्वारा ऊर्जा के लिए औसत आवंटन (5%) से कुछ अधिक है।
- **कृषि**: पंजाब ने 2025-26 में अपने व्यय का 9.9% कृषि के लिए आवंटित किया है। यह 2024-25 में विभिन्न राज्यों द्वारा कृषि के लिए औसत आवंटन (6.3%) से अधिक है।
- **सिंचाई**: पंजाब ने 2025-26 में अपने व्यय का 2.2% सिंचाई के लिए आवंटित किया है। यह 2024-25 में विभिन्न राज्यों द्वारा सिंचाई के लिए औसत आवंटन (3.4%) से कम है।

कुल बजट में शिक्षा पर व्यय का प्रतिशत



कुल बजट में स्वास्थ्य पर व्यय का प्रतिशत



कुल बजट में ग्रामीण विकास पर व्यय का प्रतिशत



[1] 31 राज्यों में दिल्ली, जम्मू एवं कश्मीर और पुद्दुचेरी जैसे केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं।

कुल बजट में ऊर्जा पर व्यय का प्रतिशत



कुल बजट में कृषि पर व्यय का प्रतिशत



कुल बजट में सिंचाई पर व्यय का प्रतिशत



नोट: 2023-24, 2024-25 (बअ), 2024-25 (संअ), और 2025-26 (बअ) के आंकड़े पंजाब के हैं।
स्रोत: वार्षिक वित्तीय वक्तव्य, पंजाब बजट दस्तावेज 2025-26; विभिन्न राज्य बजट; पीआरएस।

अनुलग्नक 2: 2023-24 के बजटीय अनुमानों और वास्तविक के बीच तुलना

यहां तालिकाओं में 2023-24 के वास्तविक के साथ उस वर्ष के बजटीय अनुमानों के बीच तुलना की गई है।

तालिका 7: प्राप्तियों और व्यय की झलक (करोड़ रुपए में)

मद	2023-24 बअ	2023-24 वास्तविक	बअ से वास्तविक में परिवर्तन का %
शुद्ध प्राप्तियां (1+2)	**1,00,052**	**89,231**	**-11%**
1. राजस्व प्राप्तियां (क+ख+ग+घ)	98,852	89,192	-10%
क. स्वयं कर राजस्व	51,835	47,252	-9%
ख. स्वयं गैर कर राजस्व	7,824	7,234	-8%
ग. केंद्रीय करों में हिस्सा	18,458	20,410	11%
घ. केंद्र से सहायतानुदान	20,735	14,296	-31%
2. गैर ऋण पूंजीगत प्राप्तियां	1,200	39	-97%
3. उधारियां	94,410	1,03,034	9%
इनमें केंद्रीय कैपेक्स ऋण	1,880	0	-100%
शुद्ध व्यय (4+5+6)	**1,34,836**	**1,22,346**	**-9%**
4. राजस्व व्यय	1,23,441	1,17,407	-5%
5. पूंजीगत परिव्यय	10,355	4,743	-54%
6. ऋण और अग्रिम	1,041	196	-81%
7. ऋण पुनर्भुगतान	61,626	73,452	19%
राजस्व घाटा	**24,589**	**28,215**	**15%**
राजस्व घाटा (जीएसडीपी का %)	3.5%	3.8%	
राजकोषीय घाटा	**34,784**	**33,115**	**-5%**
राजकोषीय घाटा (जीएसडीपी का %)	5.0%	4.4%	

स्रोत: विभिन्न वर्षों के पंजाब बजट दस्तावेज; पीआरएस।

तालिका 8: राज्य के स्वयं कर राजस्व के घटक (करोड़ रुपए में)

कर स्रोत/मद	2023-24 बअ	2023-24 वास्तविक	बअ से वास्तविक में परिवर्तन का %
भूराजस्व	200	97	-52%
वाहन कर	3,450	2,938	-15%
सेल्स टैक्स/वैट	7,600	6,501	-14%
राज्य जीएसटी	23,000	20,925	-9%
स्टाम्प ड्यूटी और पंजीकरण शुल्क	4,750	4,359	-8%
राज्य उत्पाद शुल्क	9,785	9,233	-6%
बिजली पर टैक्स और ड्यूटी	2,750	3,033	10%

स्रोत: विभिन्न वर्षों के पंजाब बजट दस्तावेज; पीआरएस।

तालिका 9: मुख्य क्षेत्रों के लिए आवंटन (करोड़ रुपए में)

क्षेत्र	2023-24 बअ	2023-24 वास्तविक	बअ से वास्तविक में परिवर्तन का %
शहरी विकास	2,682	1,215	-55%
परिवहन	2,940	1,600	-46%
जिनमें से सड़कें और पुल	*2,443*	*1,078*	*-56%*
ग्रामीण विकास	1,414	778	-45%
जलापूर्ति एवं स्वच्छता	1,987	1,240	-38%
आवास	544	338	-38%
सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण	2,630	2,026	-23%
ऊर्जा	7,894	6,841	-13%
कृषि एवं संबद्ध गतिविधियां	13,704	12,093	-12%
शिक्षा, खेल, कला एवं संस्कृति	17,525	15,643	-11%
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण	5,595	5,010	-10%
पुलिस	8,528	8,213	-4%
समाज कल्याण एवं पोषण	8,963	8,727	-3%
एससी, एसटी, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक कल्याण	1,046	1,064	2%

स्रोत: विभिन्न वर्षों के पंजाब बजट दस्तावेज; पीआरएस।